**Need to permit operation of flight services during night time from Maharana Pratap Airport, Udaipur, Rajasthan- Laid**

डॉ**.** मन्ना लाल रावत **(**उदयपुर**) :** झीलों की नगरी उदयपुर एक विश्व प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है, जिसका इतिहास, संस्कृति, विरासत, प्रकृति और जीवन मूल्य अनुकरणीय है । हाल ही मे यह शहर वेडिंग डेस्टिनेशन के आकर्षण का वैश्विक केंद्र बनकर उभरा है, जहाँ पर प्रतिवर्ष देश विदेश से कई प्रख्यात लोग वेडिंग डेस्टिनेशन के लिए आते है । सूचना है कि यहाँ का महाराणा प्रताप हवाईअड्डा सुबह और सांय दो ही शिफ्ट में कार्यरत होता है । रात्रि काल में डीजीसीए द्वारा अनुमति नहीं होने के कारण शेड्यूल्ड फ्लाइट और प्राइवेट फ्लाइट संचालित नहीं हो पा रही है, जबकि रात्रिकालीन हवाई सेवा के लिए उक्त हवाईअड्डे पर पूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद है । जिसके कारण हजारों यात्रियों एवं पर्यटकों को असुविधा हो रही है । अतः सरकार से आग्रह है कि उदयपुर के लिए नियमित रूप से रात्रि कालीन हवाई सेवाएं एवं विशेष विमानों को रात्रि में भी अनुमत किया जाए । साथ ही विदेशी पर्यटकों की सुविधा हेतु नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ानें भी प्रारंभ की जाए ।